Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 05 जनवरी, 2024

साइबर किडनैपिंग

हाल ही में एक चीनी छात्र जो **'साइबर किडनैपिंग' का शिकार** हुआ था, **यूटा के** ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षित पाया गया था। अधिकारियों को पता चला कि चीन के उसके माता-पिता ने उसे खोजने से पहले ही एक बड़ी फिरौती का भुगतान कर दिया था।

- **साइबर किडनैपिंग** एक ऐसे अपराध को संदर्भित करता है जहाँ **'अपहरणकर्त्ता'** अपने शिकार को छिपने के लिये मना लेते हैं और फिर फिरौती के लिये अपने प्रियजनों से संपर्क करते हैं।
- इस प्रकार की किडनैपिंग में, **पीड़ित का अपहरण नहीं** किया जाता है बल्कि उन्हें यह विश्वास दिलाया जाता है कि वे खतरे में हैं।
    - **'अपहरणकर्त्ता',** हालाँकि शारीरिक रूप से मौजूद नहीं होते हैं, **वीडियो-कॉल प्लेटफॉर्म** के माध्यम से पीड़ित की ऑनलाइन निगरानी करते हैं।
    - वे पीड़ित या उनके **परिवार को हिंसा की धमकी दे सकते हैं** या वे अपहरण के नकली सबूत, जैसे फोटो या वीडियो बना सकते हैं।

//

और पढ़ें: साइबर अपराध

राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2023

हाल ही में **युवा कार्य और खेल मंत्रालय** ने राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार (RKPP), 2023 की घोषणा की। **कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन** की श्रेणी में **ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेट लिमिटेड** को सम्मानित किया गया है। उभरती युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उनके विकास में योगदान देने के लिये **जैन डीम्ड यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु** को पुरस्कृत किया गया है।

- **वर्ष 2009 में सरकार द्वारा शुरू की गई RKPP** उन कॉर्पोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक क्षेत्र दोनों), खेल नियंत्रण बोर्डों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल निकायों सहित गैर सरकारी संगठनों को दी जाती है, **जिन्होंने खेल को बढ़ावा देने** तथा **खेल विकास के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई** है।
- भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में शामिल अन्य पाँच प्रमुख पुरस्कार हैंमेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, **मेजर ध्यानचंद पुरस्कार** और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (MAKA) ट्रॉफी।

और पढ़ें: राष्ट्रीय खेल और साहसिक पुरस्कार 2022

आदित्य-L1, L1 कक्षा में पहुँचा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन **(Indian Space Research Organisation- ISRO)** के वैज्ञानिक **आदित्य-L1** को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी. दूर स्थित लैग्रेंजियन बिंदु (L1) के समीप की कक्षा में स्थापित करने के उद्देश्य से एक ऑपरेशन की योजना पर काम कर रहे हैं।

- **सूर्य का अध्ययन करने के लिये समर्पित पहली भारतीय अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला** , आदित्य-L1 को सितंबर 2023 में श्रीहरिकोटा के **सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र** से [PSLV-C57 रॉकेट](#) का उपयोग करके लॉन्च किया गया था।
- L1 बिंदु के चारों ओर हेलो कक्षा में एक उपग्रह स्थापित करने से **सूर्य का निरंतर अवलोकन** बिना किसी आच्छादन अथवा ग्रहण के किया जा सकता है, जिससे सौर गतिविधियों की निगरानी करने में लाभ मिलता है।
  - L1 **पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी. दूर** है तथा पृथ्वी से L1 की दूरी पृथ्वी-सूर्य की दूरी का लगभग 1% है।
  - लैग्रेंज बिंदु **अंतरिक्ष में स्थिति** वे **स्थान** हैं जहाँ **दो विशाल पिंडों** (जैसे– सूर्य और पृथ्वी) **का गुरुत्वाकर्षण** बल एक छोटी वस्तु (जैसे– अंतरिक्ष यान) के स्थान पर बने रहने के लिये **अभिकेंद्रीय बल को संतुलित करता है**।
    - अंतरिक्ष यान ईंधन की खपत को कम करने तथा अंतरिक्ष यान को कुशलतापूर्वक अपनी स्थिति बनाए रखने की अनुमति देने के लिये इन बिंदुओं का लाभ उठाता है।
- आदित्य-L1 में **प्रकाशमंडल** (सूर्य की प्रत्यक्ष सतह), **क्रोमोस्फीयर** (प्रकाशमंडल तथा कोरोना के बीच की दूसरी परत) एवं कोरोना (सूर्य की सबसे बाह्य परत) का निरीक्षण करने हेतु सात पेलोड मौजूद हैं।
  - इन पेलोड का उद्देश्य कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता एवं कण व क्षेत्र प्रसार पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना है।



और पढ़ें...[आदित्य-एल1 मिशन](#), [भारत के अंतरिक्ष प्रयास](#)

वारली लेशन: महाराष्ट्र में शांतपूर्ण तेंदुए का सह-अस्तित्व

महाराष्ट्र की स्वदेशी वारली तेंदुओं के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का पाठ पढ़ाती हैं।

- **संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान** के पास रहने वाले वारली डर के बजाय सम्मान दिखाते हुए तेंदुओं को अपने देवता के रूप में पूजते हैं।
- **दहिसर नदी राष्ट्रीय उद्यान** से होकर बहती है और **मानसून** के दौरान एक मनोरंजन केंद्र बन जाती है।
- **वारली आदिवासियों** का तेंदुओं से मुठभेड़ का एक लंबा इतिहास है, वे उन्हें शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व के रूप में देखते हैं।
- वारली संस्कृति **मातृ प्रकृति की अवधारणा** पर केंद्रित है और वारली पेंटिंग में प्राकृतिक तत्त्वों को अक्सर केंद्र बिंदु के रूप में चित्रित किया जाता है।

- **वारली जनजातियाँ तारपा संगीत वाद्ययंत्रों** के साथ **तारपा नृत्य** करती हैं।

और पढ़ें: अंतरराष्ट्रीय तेंदुआ दिवस 2023

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-january,-2024